**दिल्ली प्रशासन और दिल्ली नगर निगम में कार्यरत अध्यापकों को आवासीय सुविधाएं**

786. **श्री सुनील कुमार पटनायक** : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या चालू वर्ष के दौरान दिल्ली नगर निगम, दिल्ली प्रशासन दिल्ली के अधीन शिक्षा निदेशालयों में प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापकों को आवासीय सुविधाएं प्रदान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है ;

(ग) उपर्युक्त भाग (क) में उल्लिखित उन अध्यापकों की कुल संख्या कितनी है जो कि पिछले 15 वर्षों से बराबर सेवा में है और उन्हें अभी तक कोई आवास प्रदान नहीं किया गया है ; और

(घ) क्या भविष्य में आवास समस्या की स्थिति में सुधार लाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

**शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह)** : (क) और (ख) दिल्ली प्रशासन के अध्यापक केन्द्रीय सरकार के सामान्य पूल से रिहायशी वास के आवंटन के लिए पात्र हैं बशर्ते कि वे आवंटन नियमों तथा दिल्ली प्रशासन के सामान्य पूल के प्रावधानों को पूरा करते हों। दिल्ली नगर निगम के अधीन स्कूलों के अध्यापक निगम के अन्य कर्मचारियों के साथ-साथ दिल्ली नगर निगम के रिहायशी वास का आवंटन प्राप्त करने के पात्र हैं।

(ग) इस प्रकार के आंकडे नहीं रखे जाते हैं।

(घ) केन्द्रीय सरकार के सामान्य पूल तथा दिल्ली प्रशासन के सामान्य पूल दोनों ही के लिए अधिकरिहायशी वास का निर्माण उपलब्ध सीमित निधियों के भीतर करने का सरकार का विचार है। दिल्ली नगर निगम के पास भी अपने कर्मचारियों के लिए अतिरिक्त क्वार्टरों के निर्माण की योजनाएं है।

**दिल्ली विकास प्राधिकरण की भूमि की बिक्री**

769. **श्री सुनील कुमार पटनायक** : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले तीन वर्षों के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा दिल्ली में दिल्ली विकास प्राधिकरण की भूमि की अनधिकृत बिक्री में वृद्धि हुई है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार दिल्ली विकास प्राधिकरण की भूमि की अनधिकृत बिक्री पर रोक लगाने का विचार रखती है?

**शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह)** : (क) जी नहीं।

(ख) भूमि की अनधिकृत बिक्री पर रोक लगाने के प्रयास जारी रहेंगे।

**सीलमपुर, दिल्ली के झुग्गी वासियों को प्लाटों का आवंटन**

770. **श्री सुनील कुमार पटनायक** : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार चालू वर्ष के दौरान गुरुद्वारा, सीलमपुर, दिल्ली-110032 के इर्दगिर्द झुग्गी वासियों को प्लाट आवंटित करने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है; और

(ग) क्या उपर्युक्त भाग (क) में उल्लिखित सभी झुग्गी वासियों को प्लाटों के आवंटित किए जाने में कोई विसंगति